## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर से मिले मदरसा बोर्ड चेयरमैन एम.डी. चोपदार

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने जिला कलेक्टर रामावतार मीणा से मिलकर उन्हें झुंझुनूं शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया और ज्ञापन देकर जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण के लिए निवेदन किया। इस दौरान मीणा को शहर की बिजली व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज के लिए दूसरा रास्ता खोलने, खेल यूर्निवसिटी खुलवाने, जिला मुख्यालय पर दो या तीन एईएन ऑफिस खोलने, शहर में पानी निकासी की समस्या के समाधान, शहर में अंडर ग्राउंड बिजली लाइन डालने, सीवरेज लाइन को कंपलीट करवाने, रिको औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज व बिजली अंडर ग्राउंड करवाने, शौर्य उद्यान के नवीनीकरण, बीडीके अस्पताल का दो नंबर रोड पर रास्ता खोलने व अपग्रेड करने, जिला मुख्यालय से जयपुर को जाने वाली रोड पर रेलवे ओवरब्रिज का काम पूरा करवाने, नगरपरिषद परिसर में ऑडिटोरियम का कार्य पूरा करने, शहर के सभी सर्किल का रखरखाव करवाने, यमुना नहर का पानी झुंझुनूं को उपलब्ध करवाने, जिला मुख्यालय की टूटी हुए सड़कों को सही करवाने, जलदाय विभाग कार्यालय के नव-निर्माण, सुलताना कस्बे में कॉलेज शुरू करवाने, जिला मुख्यालय के दोनों कॉलेज में उर्दू विषय शुरू करवाने व जिला मुख्यालय के चारों ओर रिंग रोड बनाने आदि कार्यों व समस्याओं से अवगत करवाया गया और कहा कि मुझे उम्मीद है कि रामावतार मीणा जल्द से जल्द शहर की समस्याओं का समाधान करके आमजन को राहत प्रदान करेंगे।

### डॉ. जुल्फिकार के रिसर्च पेपर को 10 हजार 684 लोगों ने पढ़ा

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी व देश-विदेश में शोध कार्य करने वाले भीमसर गांव के युवा लेखक व चिंतक डॉ. जुल्फिकार का शोध पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अजीत डोभाल की थिंक टैंक संस्था विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन में प्रकाशित किया गया था। यह शोध पत्र विवेकानंद चिंतन का उदय एवं विकास विषय पर विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन ने प्रकाशित किया था। अब तक यह शोध पत्र एक साथ दो इंटरनेशनल वेबसाइट पर देश-विदेश में 10 हजार 684 शोधार्थी लोग पढ़ चुके हैं। एनडीए सरकार की थिंक टैंक संस्था वीआईएफ ने डॉ. जुल्फिकार का यह पहला शोध पत्र प्रकाशित किया था। वीआईएफ संस्था अजीत डोभाल के दिमाग की उपज है और सरकार के भीतर इस संस्था का काफी दबदबा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन संस्था बेहद तेजी से चर्चा में आई। इसकी स्थापना 2009 में अजीत डोभाल ने की थी। यह एक स्वतंत्र, गैर-पक्षपातपूर्ण संस्थान है जो गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और गहन अध्ययन को बढ़ावा देता है। यह संस्था मौजूदा सरकार को नीतिगत मुद्दों पर इनपुट प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संस्था के काम से बहुत पहले से प्रभावित है मोदी ही नहीं बल्कि भाजपा और संघ के तमाम नेता समय-समय पर विभिन्न विषयों पर संस्था से सलाह-मशविरा करते रहते हैं।

### संविधान दिवस मनाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** कॉलेज शिक्षा जयपुर राजस्थान के निर्देशानुसार सेठ मोतीलाल विधि महाविद्यालय झुंझुनूं में विधिक सहायता परामर्श केंद्र के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एनके वर्मा ने भारत के संविधान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विधिक सहायता परामर्श केंद्र के अध्यक्ष कुंजबिहारी स्वामी ने संविधान दिवस क्यों मनाया जाता है, के विषय पर जानकारी दी। संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में संविधान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं संविधान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विधि प्रथम वर्ष में विद्यार्थी संजय सैनी, दीपक कुमारी एवं ममता कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विधि द्वितीय वर्ष में विद्यार्थी अभिनव लाटा एवं मोहित ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विधि तृतीय वर्ष में विद्यार्थी सिंधु, आयुषी एवं सलोनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थी चेतना, आयुषी एवं सलोनी ने भारतीय संविधान के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में सहायक आचार्य ज्योति मारोलिया, ममता सैनी, अनिल चेजारा, विकास गहलोत एवं प्रशासनिक अधिकारी पंकज पुरोहित, पुस्तकालय अध्यक्ष त्रिकालदर्शी, रामकुमार एवं समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### युवाओं ने शपथ ली

**चूरू, (का.सं.)।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर युवाओं ने शपथ ली। भारत सरकार भारत के जिला युवा अधिकारी एम आर जाखड़ ने बताया कि कि आज संविधान दिवस के उपलक्ष में युवाओं द्वारा शपथ ली गई तथा उन्होंने कहा कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। हालाँकि यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। कार्यक्रम प्रभारी नीरज जांगिड़ ने बताया कि आज मेरी युवा केंद्र चूरू द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष में युवाओं को शपथ दिलाई गई तथा इसके बारे में विस्तार से वर्णन किया। संविधान गणनीय संज्ञा, किसी देश या संगठन का संविधान कानूनों की वह प्रणाली है जो औपचारिक रूप से लोगों के अधिकारों और कर्तव्यों को बताती है। साथ कहा कि नेहरू केंद्र चूरू द्वारा समय.समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिससे युवाओं को संदेश मिले तथा संविधान दिवस के रूप में आज का दिवस बड़े सम्मान के साथ मनाया गया है। कार्यक्रम के अंत में कमल कुमार ने सभी का आभार प्रकट किया।

### रोजगार मेला 29 को

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए 29 नवंबर को झुंझुनूं में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के परिसर में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में कई प्रसिद्ध प्राइवेट कंपनियां भाग लेंगी। इनमें मारुति, टीएस टेक्नोलॉजी, केटीए पावर, सिक्योरिटी गार्ड भर्ती कंपनियां और बीमा क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं। ये कंपनियां इंटरव्यू के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार मेले में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक या आईटीआई/पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को अपने शैक्षिणक दस्तावेजों की फोटो प्रति, पासपोर्ट साइज के दो फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर आना होगा। रोजगार मेले में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा। सहायक निदेशक यादव ने सभी इच्छुक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इस मेले के माध्यम से झुंझुनूं के युवा निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।


### सम्मान समारोह पोस्टर का विमोचन

**झुंझुनूं, (निसं)।** सर्व समाज के प्रतिष्ठित महानुभावों द्वारा विप्र कल्याण वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित आगामी 22 दिसंबर को जयपुर में होने वाले विराट शेखावाटी सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन किया। कार्यक्रम संयोजक महेश बसावतिया झुंझुनूं थे। कार्यक्रम स्थल बगड रोड देवी द्वार पर हुआ। फाउंडेशन के संस्थापक पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि शेखावाटी का यह पहला व अद्भुत सम्मान समारोह होगा। जिसमें हर क्षेत्र मे असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को इस सम्मान ने नवाजा जाएगा। इस अवसर विप्र समाज गौरव शिवचरण पुरोहित, महेश बसावतिया, अनिल शर्मा, राकेश सहल, सुरेंद्र शर्मा ढाणीवाला, अनिल जोशी, विकास पुरोहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड के स्टीकर का विमोचन

**झुंझुनूं, (निसं)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं के द्वारा संविधान के स्थापना दिवस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य द्वारा स्टिकर का विमोचन किया गया। एडीएम अजय कुमार आर्य ने कहा कि स्काउट एक समाज सेवी संस्था है जो सदैव समाजहित एवं देशहित के लिए कार्य करती है। इस अवसर पर जिला आर्गेजाइनर प्रदीप इशरवाल, जिला सहायक सचिव सुदीप कुमार, मीरा इशरवाल, खुशबू दानोदिया, नीरज कुमार उपस्थित थे।

# राजलदेसर में सफाई व्यवस्था चौपट



कस्बे में नगर पालिका की अनदेखी के कारण सफाई व्यवस्था चौपट हो रखी है।

**राजलदेसर, (नि.सं.)।** कस्बे में नगर पालिका की लापरवाही के चलते पूरे कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है।

नगर पालिका के नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारी लगातार सफाई व्यवस्था को लेकर कोई बड़ा एक्शन नहीं ले रहे हैं। हालत यह हैं नगर पालिका के द्वारा लगें कचरा पात्र जो की जर्जर अवस्था में जगह-जगह पड़े हुए हैं। साथ ही गंदगी के भी जगह-जगह ढेर लगे हुए हैं। जिससे वार्ड के लोगों का आना-जाना भी दुर्लभ हो रहा है। इसी तरह वार्ड नं 28, 29, 30 में लंबे समय से सफाई नहीं होने के

■ **महिलाओं ने जमकर उठाई नगर पालिका के खिलाफ आवाज**

कारण महिलाओं ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर आवाज उठाई एवं नगर पालिका के कर्मचारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद किसी तरह की नहीं सुनवाई होने की बात बताई साथ ही उन्होंने पार्षदों पर भी सफाई व्यवस्था में रुचि नहीं लेने को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। यहां के वार्ड नंबर 28, 29,30 में इतनी भयंकर सफाई व्यवस्था चौपट है कि जगह-जगह गंदगी के ढेर लगें हुए है।

गंदगी की वजह से गौ माता भी इस गंदगी के अंदर निवास करते हुए देखी गई एवं नालिया बुरी तरह से भरी हुई थी जिससे मच्छरों का भयंकर प्रकोप है। जिसके कारण डेंगू के भी पेशेंट बढ़ रहे हैं। वार्ड की महिला सुशीला देवी, रुखसाना, मैंनादेवी, गीता देवी खलिमा आदि महिलाओं ने बताया हमने नगर पालिका के कर्मचारियों को अन्य को बार अवगत करा दिया लेकिन हमारी किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है साथ ही यह कब्रिस्तान का मुख्य मार्ग होने के कारण एवं यहां पर मंदिर भी है साथ ही दर्जी समाज की बाड़ी भी है लेकिन सफाई व्यवस्था पर किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा हमें अपने घर से बाहर निकलते समय नाक के ऊपर रुमाल रखकर गुजरना पड़ता है। साथ ही नाली भी नहीं ही निकाल रहें है क्योंकि पानी आगे निकास नहीं होता जिससे हमारे घर के आगे गंदगी एवं नाली का पानी इकट्ठा हो जाता है। इसी प्रकार अन्य वार्डों में भी हालत बहुत खराब है नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पास वर्तमान में तीन नगर पालिका का चार्ज होने के कारण हफ्ते के अंदर मुश्किल से एक दिन यहां पर आते हैं वह भी खाना पूर्ति करके चले जाते हैं। इसके अलावा वर्तमान मे व्यवस्थाओं को लेकर नगर पालिकाके कनिष्ठ अभियंता का पास चार्ज है लेकिन उनको मौज मस्ती करने में भी फुर्सत नहीं है। सफाई व्यवस्था एवं कस्बे की नाली सड़क निर्माण आदि देखने की उनको फुर्सत भी नहीं है साथ ही उनका व्यवहार अच्छा नहीं होने के कारण अधिकांश कस्बे वाशी भी उनसे नाराज हैं।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** संविधान दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में एडीएम अजय कुमार आर्य ने कर्मचारियों अधिकारियों के साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में जिला पुस्तकालय में संविधान विषयक प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन रखा गया। नोडल अधिकारी एवं पीआरओ हिमांशु सिंह ने बताया कि इस दौरान संविधान की प्रति, संविधान विषयक पुस्तकों के साथ फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी की के मुख्य वक्ता एडीएम अजय कुमार आर्य ने संविधान की महत्ता को बताते हुए युवा पीढ़ी से इस पर गर्व करने की बात कही।

## 'तारानगर में 640 एमएल क्षमता का बड़ा जलाशय और 13.99 एमएलडी का फिल्टर प्लांट बनेगा'

**चूरू, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हर घर तक पर्याप्त मात्रा में बेहतर गुणवत्ता का पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत समूचे राज्य में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।

इसी सिलसिले में चूरू जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे हैं। जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की मॉनीटरिंग ने जल जीवन मिशन के कार्यों को बेहतर गति प्रदान की है। हाल ही में राज्य सरकार की ओर से जल जीवन मिशन योजना में चूरू जिले के अनेक गांवों की पेयजल प्रणाली में सुधार के लिए 133.89 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी किए गए हैं। जिससे चूरू जिले की तारानगरए चूरू, सरदारशहर के साथ.साथ नोहर विधानसभा क्षेत्र के गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा।

राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत तारानगर.पांडुसर फीडर अंतर्गत 133.89 करोड़ रुपए का कार्यादेश जारी किया गया है। इससे जिले के 74 गांवों तथा 63 ढाणियों की पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा। इसमें तारानगर विधानसभा के 52 गांव व 46 ढाणियों, चूरू विधानसभा के 13 गांव और 3 ढाणियों, सरदारशहर विधानसभा के 9 गांव व 4 ढाणियों के साथ-साथ नोहर विधानसभा के 19 गांव व 1 ढाणी भी लाभान्वित होंगे। इन गांवों और ढाणियों में चल रही वर्तमान पेयजल प्रणाली में सुधार के लिए 133.89 करोड़ रुपए का कार्यादेश 21 नवंबर को जारी किया गया है। योजना के तहत तारानगर के पास कुंभाराम लिफ्ट कैनाल से आ रहे पानी के संग्रहण के लिए बड़ी डिग्गी बनाई जाएगी। जिसकी क्षमता 640 एमएल होगी। इसके समीप ही 13.99 एमएलडी क्षमता का एक नया फिल्टर प्लांट भी बनाया जाएगा। इस फिल्टर प्लांट से तारानगर शहर एवं आसपास के गांवों एवं ढाणियों में जलापूर्ति की जाएगी। इस योजना के तहत सात्यूं में एक बडा जलाशय और पंप हाऊस बनाकर इसके आसपास के गांव और ढाणियों की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। परियोजना के तहत 13 नए उच्च जलाशय बनाए जाएंगे।

## जिला कलेक्टर को सम्मानित किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के सानिध्य में राजस्थान उप चुनाव में झुंझुनूं जिले में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने पर राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र क्यामसरिया ने नेतृत्व में जाट महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा शॉल, साफा व माला पहनाकर के स्वागत किया गया। जाट महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में हुए विधानसभा उप चुनाव में काफी जगहों पर अशांति का माहौल बना, लेकिन झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामवतार मीणा की योग्यता एवं कार्य कुशलता के कारण शांतिपूर्वक उपचुनाव संपन्न करवाकर के झुंझुनूं जिले का नाम राजस्थान में रोशन किया है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा उप चुनाव के समय पंद्रह-पंद्रह घंटों तक लगातार कार्य करके झुंझुनूं जिले में शानदार काम करके आम जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य किया है। जिसकी जिले में हर जगह प्रशंसा की जा रही है।

### शिविर आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** लॉयंस क्लब गौरव झुंझुनूं एवं कृष्णा देवी स्मृति सेवा संस्थान झुंझुनूं के सौजन्य से सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 11 में निःशुल्क विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सम्पत बारूपाल ने बताया कि निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया।

## राजलदेसर जलदाय विभाग भवन की हालत खस्ता

**राजलदेसर, (निसं)।** राजलदेसर कस्बे के जलदाय विभाग कि ऑफिस कार्यालय, पंप हाउस बाउंड्री की इतनी हालत खराब है की कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

इस महत्वपूर्ण समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। वार्ड के लोगों ने अनेकों बार उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन लंबे समय से कोई समाधान नहीं निकला वर्तमान में जलदाय विभाग में पानी के बिल भरवाने के लिए आते हैं।

ठीक उसके सामने जर्जर अवस्था में दीवार है जो की कभी भी गिर सकती है एवं बड़ा हादसा होने की पूरी संभावना बनी हुए है।

इसके अलावा भवन के अंदर अलग-अलग कर्मचारियों के क्वार्टर बने हुए हैं लेकिन उनकी हालत इतनी खराब है की गिरना तो तय है लेकिन उनकी वजह से इस परिसर में गंदगी इतनी है कि गंदगी की वजह से यहां पर आने वाले कर्मचारियों को भी भारी परेशानी होती हैं।

साथ ही इस विभाग की जगह-जगह से दीवार टूटी होने के कारण यहां से आने जाने लोगों ने रास्ता बना लिया है। जो जलदाय विभाग के अंदर से होकर गुजरता है साथ ही स्कूल के बच्चे भी यहां से गुजरते है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

इसके अलावा पंप हाउस की हालत इतनी खराब है कि अंदर जाने पर भी डर लगता है क्योंकि गिरने की पूरी संभावना है एवं परिसर में इतनी भयंकर गंदगी है लेकिन विभाग के उच्च अधिकारी किसी तरह की इस महत्वपूर्ण समस्याओं पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहें है। साथ ही नगर पालिका प्रशासन भी ध्यान नहीं देता हालांकि विभाग के कर्मचारियों ने नगर पालिका को अनेकों बार अवगत कराया तो उन्होंने कहा यह भवन जलदाय विभाग का है जलदाय विभाग ही सफाई कराएगा साथ ही कर्मचारियों के बैठने के लिए बना भवन इतना खस्ता हालत में है की बारिश के मौसम में बरसात का पानी टपकता है जिससे कभी भी जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

यह भवन बहुत पुराना है साथ ही जलदाय विभाग में बनी पीने के पानी की टंकी से करीब राजलदेसर कस्बे के आधे घरों मे पानी की सप्लाई होती है लेकिन ना तो सफाई व्यवस्था है ना ही दीवार बनी हुई है जो की कभी भी इस भवन में बड़े हादसे होने की पूरी संभावना है। अगर विभाग के उच्च अधिकारी समय रहते नहीं चेतते है तो काफी नुकसान हो सकता है।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं द्वारा जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं में संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं की सचिव प्रियंका पिलानियां द्वारा बताया गया कि संविधान दिवस 2024 के अवसर पर झुंझुनूं मे विद्यार्थियों व विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई। इसी के साथ तालुका विधिक सेवा समितियों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अधिवक्ता धीरज कुमार द्वारा बताया कि वर्तमान में मूल अधिकारों की जानकारी व विधिक जानकारी बढाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमीनी स्तर से जुडकर नवीन अभियानों के साथ आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

## दिल्ली पीजीडीएवी कॉलेज छात्रसंघ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष महिमा का स्वागत

**चूरू, (कासं)।** दिल्ली विश्वविद्यालय अन्तर्गत दिल्ली के पीजीडीएवी कॉलेज के छात्र संघ के हुए चुनाव अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए महिमा शर्मा मंगलवार को अपने गृहनगर चूरू पहुंचने पर युवा शक्ति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

चूरू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते ही छात्र शक्ति की ओर से महिमा के स्वागत की शुरू हुई श्रृंखला उनके निवास तक जारी रही। रेलवे स्टेशन से डीजे के आगे नाचते गाते युवाओं ने कार्यक्रम में नया जोश भर दिया। लोहिया कॉलेज में छात्र शक्ति, शास्त्री मार्केट में श्रीप्रकाश, चन्द्रप्रकाश, रामप्रसाद नागवान, अमजद तुगलक, पवन बजाज, श्रवण आसेरी, सूर्यकान्त चौधरी, बनवारी चोटिया तथा शंकर सैनी आदि व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के समक्ष चूरू की बेटी का स्वागत किया।

युवा शक्ति के लवाजमे के साथ अपने घर पहुंची। अध्यक्ष बिटिया का यहां बड़ी



महिमा शर्मा का चूरू पहुंचने पर स्वागत किया।

संख्या में उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सम्मान किया छ न्याति ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष महेश बावलियां, बालकृष्ण बावलियां, योगेश गौड़, गुरुदास भारती, रवी दाधीच, विप्र सेना के गोपीचंद शर्मा, सुरेन्द्र बावलिया, कैलाश नवहाल, राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के सुधाकर सहल, पुनीत लाटा, नवीन शर्मा, विप्र फाउंडेशन के विश्वनाथ शर्मा, राजगुरुए शंभूदयाल शर्माए श्रीराम पीपलवाए भाजपा नेता फतेहचंद सोतीए भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ओमप्रकाश सारस्वतए डॉ.महेश शर्मा, पदमसिंह राठौड़, महेन्द्र चोबे, अभिषेक चोटिया, दौलत तंवर, सुरेश सारस्वत, विमला गढ़वाल, विमल जोशी, चुन्नीलाल सैनी, केसरदेव राठी, एडवोकेट पवन शर्मा, अशोक तंवर सहित अनेक प्रतिनिधियों ने महिमा का सम्मान किया।

महिमा के साथ आए दिल्ली पीजीडीएवी कॉलेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कुणाल चौधरी, छात्र प्रतिनिधि दिपांशु विशोया, तरंग जैन, संकेत का भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित बनवारीलाल शर्मा, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, पंकज शर्मा, युवा मोर्चा जिला आईटी प्रभारी प्रशांत शर्मा, दीपक शर्मा और चिराग शर्मा, नरेन्द्र लाटा, सतीश शर्मा, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि अभी दिल्ली विश्वविद्यालय अन्तर्गत दिल्ली पीजीडीएवी कॉलेज छात्र संघ चुनाव में चूरू की महिमा शर्मा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई। पीजीडीएवी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष में अध्ययनरत महिमा नेशनल बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक विजेता और बेटी बचाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर भी रही है।

## सार-समाचार

### विचार गोष्ठी का आयोजन

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ए-1 रीको स्थित कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा द्वारा की गई। जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने कहा कि संविधान ही देश की अखंडता में एकता का आधार है। संविधान की वजह से ही भारतीय लोकतंत्र आज दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र है। भाजपा के शासनकाल के दौरान संविधान में निहित मूल्यों और संस्थाओं को आज अभूतपूर्व खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इन लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा करने के लिए देश के जननायक एवं युवा दिलों की धडकन राहुल गांधी लगातार समर्पित है। जैसा कि भारत जोड़ो यात्रा, भारत जोडो न्याय यात्रा एवं चुनाव अभियानों के दौरान विभिन्न भाषणों में स्पष्ट है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़, डीसीसी जिला उपाध्यक्ष राजकुमार ढाका, जिला सचिव सुभाष भांबू, जिला प्रवक्ता संतोष सैनी ने भी संविधान के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला महासचिव श्रवण सैनी, जिला प्रवक्ता संतोष सैनी व शहबाज फारूकी, पिलानी ब्लॉक उपाध्यक्ष वीरेंद्र पूनियां, सतेंद्र धतरवाल, संतकुमार चैनपुरिया, नौशाद, आशीष, ऋतिक जांगिड़, प्यारेलाल, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, भंवरसिंह कटारिया, मनीराम, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, फूल मोहम्मद भाटी, सैय्यद अजहर फारुकी, मुश्ताक मनिहार, धर्मपाल, युसूफ अली आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### 'दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाएं युवा'

**चूरू, (कासं)।** जिला उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के उद्यमियों, युवक.युवतियों को आसान शर्तों एवं कम लागत पर ऋण प्रदान करने के लिये डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर योजना का क्रियान्वयन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्, चूरू द्वारा किया जा रहा है। योजनान्तर्गत परियोजना लागत की 25 प्रतिशत मार्जिन मनी या 25 लाख ;जो कम हो तथा 25 लाख रुपये तक के ऋण पर 9 प्रतिशत, 25 लाख से 5 करोड़ रुपए ऋण श्रेणी में 7 प्रतिशत एवं 05 करोड़ से 10 करोड़ रुपए श्रेणी में 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। विनिर्माण हेतु अधिकतम 10 करोड़ रुपएए सेवा हेतु अधिकतम 05 करोड़ रुपए एवं व्यापार हेतु अधिकतम 01 करोड़॰ ऋण का प्रावधान है। जिले के अनुसूचित जातिए जनजाति के बेरोजगार युवक.युवतियों से योजनान्तर्गत आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र से प्राप्त की जा सकती है।

### शिविर में 285 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन वीर डॉ. शुभकरण कालेर के आर्थिक सौजन्य से संपन्न हुआ। शिविर में 285 नैत्र रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं 120 चश्में वितरित किए गए व मोतीयाबिंद के 21 रोगियों को चयनित किया गया। जिनके ऑपरेशन मंगलवार व बुधवार को कराए जाएंगे। शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका, डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, भामाशाह डॉ. शुभकरण कॉलेर, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, सुमेरसिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, रमेशचंद्र शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक शर्मा, मुबारक अली पहाड़ियान, मोहम्मद यासीन, इकबाल सिद्दीकी, रामगोपाल शर्मा, बिहारीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### मुक्तिधाम में कुर्सियां लगाई

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा संस्था संरक्षक वीर डॉ. एसएन शुक्ला साहब के वैवाहिक वर्षगांठ पर बीबाणी मुक्ति धाम में बैठने की कुर्सियों का जीर्णोद्धार कराया गया एवं पार्क के चारों तरफ 16 लाइटें लगाई गई। वीर विकास शुक्ला की प्रेरणा से बाबूलाल ठेकेदार, वीर सज्जन कुमार जांगिड़, शुभकरण सैनी का रोशनी की लाइटों में सहयोग रहा। जन्म दिवस पर डॉक्टर दंपत्ति को माला पहनाकर दीर्घायु की शुभकामनाएं प्रेषित की। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, रमेशचंद्र शर्मा, बिहारीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, देवेंद्र कुमार गौड़, झाबरमल पुजारी, कमल बाक्यान, भरत तुलस्यान, सुभाष पंसारी, वीरा निर्मल शुक्ला, विकास शुक्ला, भव्या शुक्ला, जयवर्धन शुक्ला, सीताराम सैनी, राजू सोनी, सुरेश सैनी काफी संख्या में गणमान्य जैन वीर वीराएं उपस्थित रहे।

### शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं, (निसं)।** मातृभूमि की रक्षा करते हुए 26 नवंबर को मुंबई हमले में शहीद हुए शहीदों को झुंझुनूं में शहीद स्मारक पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्प अर्पित किए गए। पवन आलड़िया ने बताया कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादियों द्वारा कई जगह पर कायराना हमले करके निर्दोष लोगों की जान ली गई। उन कायर आतंकवादियों का सामना करते हुए हमारे सुरक्षा बलों ने अपनी जान की बाजी लगाकर उनको ढेर कर दिया था। आतंकवादियों का सामना करते हुए हमारे सुरक्षा बलों ने नौ आतंकियों को मार गिराया था। जिसमें 166 लोगों सहित 18 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे और बडी संख्या में लोग घायल हुए थे। शहीदों को श्रद्धांजलि पवन आलड़िया, प्रदीप चंदेल, विकास आल्हा, डॉ. राजवीर बेसरवाल, विकास कुमार, महेंद्र चारावास, अजय काला, सुमेर शास्त्री, मुकेश हालू, शकील फौजी आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### संविधान दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं।** राजकीय आरआर मोरारका महाविद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता अर्थ निर्मित समिति मुम्बई से सुमित कुमार ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बचत की आदत डालने और छोटी छोटी बचत को निवेश करने के लिए प्रेरित किया तथा म्यूचुअल फंड, एफडी, शेयर आदि में निवेश के बारे में बताया। इसके साथ ही वित्तिय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड व इनसे बचने वाले तरीकों के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालने के साथ साथ वित्तीय साक्षरता को वर्तमान की जरूरत बताया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रमेश कुमार, डॉ. विकास मील, जिला समन्वयक डॉ. वेदप्रकाश और महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### भांबू की जीत पर मिठाई बांटी

**झुंझुनूं, (निसं)।** विधानसभा उपचुनाव में राजेंद्र भांबू द्वारा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर गांव-ढाणियों में भी खुशी की लहर देखी गई। निकटवर्ती गांव सोती में देर रात को जीत की खुशी में जश्न मनाया गया। स्वामी जी महाराज मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों और सर्व समाज के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की। बजरंगलाल पूनियां ने गांव के विकास के लिए सभी को एकजुट होकर साथ चलने की बात कहीं। इधर नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र भांबू की ओर से गांव के विकास में योगदान करने के रूप में मिले आश्वासन पर ग्रामीणों ने राजेंद्र भांबू जिन्दाबाद के नारे लगाए।

### प्रतियोगिता हुई

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)।** पालड़ीवाला रिसर्च एंड ट्रेनिंग सोसाइटी के 18वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन सोमवार को समारोह पूर्वक किया गया। आयोजित कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय राइफल्स शूटर दीपेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व उपनिदेशक शिक्षा विभाग रामनिवास शर्मा, आसकरण शर्मा, अशोक राव, शीशपाल महला पीटीआई रामस्वरूप पीटीआई मंचस्थ अतिथि थे। प्राचार्य राकेश ने बताया कि प्रतियोगिताएं हुई। उद्घाटन मुकाबला मुकाबले में वॉलीबॉल प्रतियोगिता ओपन कैटिगरी में प्रथम मैच ऋषि स्कूल बीएड कॉलेज व तोदी महाविद्यालय के बीच खेला गया।

प्रारूप- VII
(देखे नियम 11(1))
घरेलू हिंसा से स्त्री का संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का सं.43) की धारा 13 1() के अधीन उपस्थिति के लिए नोटिस
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, सरदारशहर के न्यायालय में
मु.फौ 441/2022 पुलिस थाना-सरदारशहर
निम्न के मामले में
मिसेज प्रतिभा व अन्य- शिकायकर्ता
बनाम
मि. गिरवर शर्मा व अन्य-प्रत्यर्थी
सेवा में
मि. गिरवर पुत्र मोहनलाल, मिसेज संतोष पत्नी मोहनलाल जाति मिश्रा-ब्राह्मा निवासी ई-12, जानकी विहार, हीरापुर पॉवर हाउस के पीछे जयपुर
अतः प्रार्थी ने घरेलू हिंसा से स्त्री का संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का सं. 43) की धारा 12, 18, 19, 20, 22 के अधीन आवेदन फाईल किया है। एतद्द्वारा आपको 10 दिन 12 का 2024 को 10.00 एएम बजे दिन में व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय के सम्यक रूप से प्राधिकृत अधिवक्ता के जरिये इस न्यायालय के कारण दर्शाने के लिये उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है कि क्यों आपके विरूद्ध आवेदक द्वारा दावा किया गया अनुतोष स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें असफल होने पर न्यायालय आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करेगा। मेरे हस्ताक्षर के अधीन और न्यायालय की मुहर के अधीन 25.11.2024 को प्रदान किया गया।
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सरदारशहर (चूरू)